संख्या-1/4414/38-3-2013-47/2013

प्रेषक ,

सुभाष चन्द्र त्रिवेदी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त,
ग्राम्य विकास,
उ0प्र0, लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-3 लखनऊ दिनांक 19 नवम्बर 2013

विषय- कतिपय सेवा संघो (महासंघ/परिसंघ/संघ) द्वारा दिनांक 12-11-2013 से अनिश्चितकालीन हड.ताल की नोटिस दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या- 4329/38-3-13-47/13 दिनांक 12-11-2013 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इसी सम्बन्ध में कार्मिक अनुभाग-4 से निर्गत शासनादेश संख्या-1-ई0एम0/2013-का-4-13, दिनांक 16-11-2013 (छायाप्रति संलग्न) जो समस्त मण्डलायुक्त/ जिलाधिकारी, उ0प्र0 को सम्बोधित एवं समस्त विभागाध्यक्ष/प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उ0प्र0 को पृष्ठांकित है, का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया कार्मिक अनुभाग-4 के उपरोक्त पत्र दिनांक 16-11-2013 में दिये गये दिशा निर्देश के क्रम में अपने अधीनस्थ समस्त कार्मिकों को यथास्थिति से अवगत कराने/दिये गये दिशानिर्देशानुसार कार्यवाही करते हुए इस सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही से प्रतिदिन फैक्स/ईमेल से प्रमुख सचिव, कार्मिक/ग्राम्य विकास विभाग को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय,

(सुभाष चन्द्र त्रिवेदी)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in